Publication – Haribhumi

Headline – Nai Pajero Sport launch

Date – 13.03.12 Page – 8



नई पजेरो स्पोर्ट्स लांच

कंपनी की 50 करोड़ निवेश योजना

एजेंसी. नई दिल्ली

हिंदुस्तान मोटर्स लि. ने सोमवार को भारतीय बाजार में जापान की मित्सुबिशी के स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन :एसयूवी: पजेरो का नया संस्करण पजेरो स्पोर्ट पेश किया है। हिंदुस्तान मोटर्स तकनीकी करार के तहत भारत में मित्सुबिशी के वाहनों का विनिर्माण करती है। स्पोर्ट पजेरो का दिल्ली में एक्स शोरूम दाम 23.53 लाख रुपए रखा गया है।

हिंदुस्तान मोटर्स के निदेशक ए. शंकर नारायणन और मित्सुबिशी मोटर्स कारपोरेशन के कार्यकारी अधिकारी और कारपोरेट महाप्रबंधक मासाहिको यूएकी ने एक संवाददाता सम्मेलन में स्पोर्ट पजेरो को पेश किया। नारायणन ने कहा कि कंपनी का इरादा पहले साल में स्पोर्ट पजेरो की 4,000 से 5,000 इकाइयों की बिक्री का है। उन्होंने बताया कि शुरुमें कार आयात होगी और उसके बाद सितंबर से इसके कलपुर्जे आयात कर चेन्नई संयंत्र में असेंबल करेगी। नारायणन ने बताया कि कंपनी ने नए माडल पर इस साल 40 से 50 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे स्पोर्ट पजेरो पुरानी पजेरो का स्थान लें लेगी। फिलहाल पुरानी पजेरो की बिक्री जारी रहेगी। यूएकी ने कहा कि मित्सुबिशी के लिए भारतीय बाजार काफी महत्व रखता है।